

आईआईएम इंफ्यूज़न-19 • दैनिक भास्कर के सहयोग से आयोजित कार्निवल का आखिरी दिन रोहतकवासियों के लिए बना यादगार, स्टार नाइट में सिंगर संधू ने गाए बॉलीवुड और पंजाबी गीत

# बन जा तू मेरी रानी... गाकर पॉप सिंगर हार्डी संधू ने बढ़ाई दिलों की धड़कन

दैनिक भास्कर Presents IIM ROHTAK'S INFUSION '19

भास्कर न्यूज़ | रोहतक

क्या बात है..., कुड़ी मैनू कहंदी की जूती ला दे सोणया..., ओ मुड़के ता वेख कुड़िए मुंडा हॉर्न ब्लो कर दा। रविवार रात 8:55 पर जैसे ही युवाओं के दिलों की धड़कन फेमस पॉप सिंगर हार्डी संधू ने एंट्री की, मैदान में मौजूद सैकड़ों की संख्या में युवा खुशी से झूम उठे। कुछ ने जोरदार हूटिंग कर संधू का वेलकम किया तो कुछ ने सेल्यूट कर। स्टेज पर आते ही संधू ने तू बैकबोन जट्ट दी, बन जा तू मेरी रानी तैनू महल दिला दूंगा, दिल ले गई कुड़ी गुजरात जैसे गाने एक के बाद एक गाकर मनोरंजन की झड़ी लगा दी। मौका रहा आईआईएम रोहतक और दैनिक भास्कर के सहयोग से चल रहे इंफ्यूजन-19 के आखिरी दिन का। रविवार का दिन रोहतकवासियों के लिए यादगार बन गया। रात 10 बजे तक चली स्टार नाइट में फेमस हार्डी संधू ने रेट्रो, बॉलीवुड और पंजाबी गीत गाकर कभी ना भूलाने वाला माहौल बना दिया। युवाओं के साथ कपल्स भी संधू की फास्ट म्यूजिक बीट्स के साथ ताल से ताल मिलाते हुए दिखाई दिए। किसी ने उनके साथ स्टेज से ही सेल्फी ली तो किसी ने सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो की। इससे पहले, इंफ्यूजन-19 में मिनी मैराथन दौड़, ग्रुप डांस, फैशन शो और मिस्टर एंड मिस इंफ्यूजन प्रोग्राम खास रहे।




**• मिस्टर एंड मिस इंफ्यूज़न बने ज़ूरत और एलिना :** कार्निवल की शाम को सेमिनार हॉल में मिस्टर एंड मिस इंफ्यूजन फैशन शो कराया गया। इसमें देशभर के बिजनेस स्कूलों से पहुंचे प्रतिभागियों ने भाग लिया। मिस्टर एंड मिस इंफ्यूजन की शुरुआत रैंप वॉक से हुई। इसके बाद इंट्रोडक्शन, क्वेश्चन और टैलेंट राउंड हुआ। इस फैशन शो को जज कोरियोग्राफर वीरेन चौहान ने किया। जहां मिस्टर इंफ्यूजन ज़ूरत अमारी बने। वहीं एलिना परासाई को मिस इंफ्यूजन का ताज पहनाया गया।

## गुलाबी आंखें, उर्वशी-उर्वशी से लेकर ऊंची है बिल्डिंग भी गाया

सिंगर संधू ने लाइव परफॉरमेंस में पंजाबी पॉप ही नहीं बॉलीवुड से लेकर सदाबहार गाने भी गाए। इसमें गुलाबी आंखें जो तेरी देखी, शराबी ये दिल हो गया..., उर्वशी-उर्वशी..., ऊंची है बिल्डिंग, लिफ्ट तेरी बंद है..., हम्मा-हम्मा... जैसे गाने गाकर युवाओं को अपना दीवाना बना दिया।






हार्डी संधू लाइव के दौरान मस्ती करते युवा

## भंगड़ा, कंटेम्परेरी हिप-हॉप स्टाइल से जमाया रंग

दोपहर को ग्रुप डांस प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के अलावा दिल्ली की टीमें भी पहुंचीं। इसमें भंगड़ा, कंटेम्परेरी, हिप-हॉप, क्लासिकल स्टाइल से रंग जमाया।

## बीट बॉक्सिंग में संगम विजेता

- **बीट बॉक्सिंग :** 1. संगम, यमुनानगर 2. अंकित
- **रास :** 1. प्रतिज्ञा टीम, रुक्मणि देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज

## पूजा, कॉफी, कपिल, विक्की, शुभम ने जीती मिनी मैराथन




रोहतक. मैराथन में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अधिकारी।

**रोहतक |** आईआईएम रोहतक और दैनिक भास्कर के सहयोग से चल रहे इंफ्यूजन-19 के तीसरे दिन रविवार सुबह जाट कॉलेज से मिनी मैराथन कराई गई। 3,5,10 किमी की कराई गई मिनी मैराथन के जरिए पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया। जाट कॉलेज के ग्राउंड से शुरू हुई मिनी मैराथन को वर्ष 2018 की फेमिना मिस इंडिया अनुकृति वास, एशियन गोल्ड मेडलिस्ट अमित पंघाल, उद्योगपति राजेश जैन, आईआईएम निदेशक धीरज शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ शुरू कराई।

### ये रहे रिज़ल्ट

- 3 किमी दौड़ में गर्ल्स में पूजा हुड्डा प्रथम
- 5 किमी में कॉफी प्रथम, माही नांदल द्वितीय
- 5 किमी में कपिल प्रथम, सावन द्वितीय
- 10 किमी रेस में रेवाड़ी के विक्की प्रथम, हैदराबाद का रूपक द्वितीय, सोनीपत का प्रदीप छिक्कारा तृतीय
- 3 किमी (ब्वॉयज) दौड़ में शुभम सैनी प्रथम, राकेश द्वितीय, मनीष नांदल तृतीय

## रीढ़ की हड्डी की बीमारी से ग्रस्त साहिल ने पूरी की मैराथन

10 किमी की मिनी मैराथन दौड़ में साहिल गुप्ता सुपुत्र विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने बीते कई वर्षों से रीढ़ की हड्डी की बीमारी से ग्रस्त होने के बाद भी दौड़ को पूरा किया। साहिल ने बताया कि इस बीमारी का इलाज कराने के लिए कई चिकित्सकों के पास गया और सब जगह हताश रहने के बाद अपने आत्मविश्वास व संग्राम सिंह से प्रेरित होकर अपना इलाज स्वयं कर योग, आशावादी और वर्जिश से अपने पैरों पर खड़े हुए और ये सफलता पाई।